

# बगैर निर्माण 22 लाख से अधिक की राशि आहरित

## हाई स्कूल देवरा मोलहाई की प्रभारी प्राचार्य रजनी पवार निलंबित

नवभारत न्यूज

**सतना 8 फरवरी, शासकीय हाईस्कूल देवरा मोलहाई संकुल केंद्र शा.उमावि देवराजनगर विकासखंड रामनगर में पदस्थ अध्यापक एवं प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रजनी पवार को शासकीय राशि के दुरुपयोग के गंभीर आरोपों में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।**

लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल से विद्यालय में लघु निर्माण, सायकल स्टैंड एवं पार्किंग शेड निर्माण हेतु 22 लाख 20 हजार रुपये की राशि आवंटित की गई थी। कलेक्टर मैहर रानी बाटड के निर्देश पर एसडीओ राजस्व रामनगर के नेतृत्व में गठित समिति द्वारा कराई गई जांच में सामने आया कि बिना किसी निर्माण कार्य के ही 22 लाख 19 हजार 349 रुपये की राशि आहरित कर ली गई। जांच के दौरान संस्था में निर्माण अथवा मरम्मत से संबंधित कोई अभिलेख नहीं पाए गए। साथ ही श्रीमती पवार बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के अनुपस्थित भी रहीं।




विद्यालय कर्मचारियों ने पुष्टि की कि कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ है।

जांच प्रतिवेदन में प्रभारी प्राचार्य एवं तत्कालीन बीईओ को भुगतान के लिए उत्तरदायी बताया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिवेदन के आधार पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। जवाब संतोषजनक न पाए जाने पर शासन के साथ संदिग्ध निष्ठा, कर्तव्य में लापरवाही तथा नियत प्रक्रिया का पालन न करने का दोष सिद्ध होने पर श्रीमती रजनी पवार को निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि में प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रजनी पवार का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी मैहर नियत किया गया है।

उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

# मेरे बेटे को वर्दी वाले अपहरण कर ले गए

## सिटी कोतवाली थाना में दिया आवेदन

नवभारत न्यूज

**सतना 8 फरवरी, साहब... मेरे बेटे को वर्दी वाले अपहरण कर ले गए हैं। इस तरह का एक आवेदन सिटी कोतवाली में शनिवार को दिया गया है। शिकायत मिलने के बाद जब पुलिस ने अपने तरीके से खोजबीन की तो बात कुछ और ही निकलकर सामने आई।**

इस मामले में नजीराबाद निवासी मो. खुश्तर ने आवेदन देकर पुलिस को बताया कि शनिवार की शाम साहिल और विकास दो व्यक्तियों को साथ लेकर आए जो पुलिस की वर्दी पहने थे। वर्दी वाले फरियादी के पुत्र मो. जीशान (24) को घर के अंदर से घसीटकर बाहर ले गए। पूछने पर बताया कि सिटी कोतवाली लेकर जा रहे हैं। इसके बाद वर्दी वाले जीशान को कार एमपी 21 सीए 8791 में बैठाकर कोतवाली तरफ रवाना हो गए। घबराकर खुश्तर और उनकी बेटी जेवाइस आफरीन भी पीछे गए तो पता चला कि वर्दी वालों की कार कोतवाली ना जाकर अंधेरी पुलिया की ओर गई है। आवेदन देने वाने खुश्तर ने आरोप लगाया कि अंधेरी पुलिया के पास पहुंचने पर वर्दी वालों ने बेटे को छोड़ने के एवज में 10 लाख रुपए मांगे। जब पैसा नहीं दे पाए तो वर्दी वाले जीशान को लेकर शाम करीब साढ़े 7 बजे कटनी की ओर चले गए और जाते जाते कहा कि 9893085517 नंबर पर व्हाट्सएप कॉल करें ताकि उनका बेटा सुरक्षित रहे, कॉल नहीं किया तो बेटा वापस नहीं आएगा। खुश्तर ने आशंका जताई कि वर्दी वाले फर्जी पुलिसकर्मी थे। पुलिस को यह भी बताया कि वर्दी वालों के साथ एक मोटर साईकिल एमपी 19 जेडजे 4148 में सवार युवक भी था। शिकायत करने वाले ने अपने बेटे की सकुशल रिहाई की मांग की है।

### इनका कहना है

आवेदन आने पर ऐसे पता चल कि बैंक खाते में करोड़ों का ट्रांजेक्शन होने पर कटनी पुलिस उसे पूछताछ के लिए लेकर गई है।

**– रावेन्द्र द्विवेदी, टीआई, थाना सिटी कोतवाली, सतना**

# पन्नीलाल चौक में बजट 2026 पर व्यापारियों के साथ चौपाल आयोजित

## सांसद गणेश सिंह ने कहा देश के विकास और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में महत्वपूर्ण बजट

नवभारत न्यूज

**सतना 8 फरवरी, बजट 2026 को लेकर पन्नीलाल चौक व्यापारी संघ के सहयोग से व्यापारियों के साथ चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान व्यापारियों के साथ बजट के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तृत चर्चा की गई और इसे व्यापारियों के लिए लाभकारी बताया गया।**




कार्यक्रम में जिले के लोकप्रिय सांसद गणेश सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पांडेय, जिला टोली के संयोजक अशोक गुप्ता, विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश सूखेजा, चेंबर महामंत्री संदीप जैन, हरिओम गुप्ता, पन्नीलाल चौक व्यापारी संघ अध्यक्ष नवीन गुप्ता (मुन्ना भाई), संजय अग्रवाल चांदी, पूर्व महापौर विमला पांडेय तथा वरिष्ठ भाजपा नेता रविंद्र सिंह सेठी सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे। सांसद गणेश सिंह ने कहा कि भारत सरकार का बजट 2026 केवल आय-व्यय का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि देश के विकास, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य, किसानों की समृद्धि और आम नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि बजट में विकास को गति देने के साथ आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को मजबूत करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और तकनीकी क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता दी गई है।

### कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम का सफल संचालन जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता (श्यामू) ने किया। इस अवसर पर बालेन्द्र गौतम विजय तिवारी मुरारी सोनी मनोहर डिग्वानी, घनश्याम सोनी अशोक अग्रवाल गोपाल डांगी आशीष चौरसिया, ए करन चौरसिया जय प्रताप गुप्ता संतोष विश्वकर्मा विजय नागदेव सागर चौरसिया डोला सोनी मनीषा सिंह नीता सोनी जेठा वाधवानी सौभाग्य केसरी जय अग्रवाल संजय वालेचा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

## मैहर में जनगणना समन्वय समिति की बैठक आज

**सतना, 8 फरवरी,** गृह सामान्य प्रशासन विभाग एवं राज्य नोडल अधिकारी जनगणना के परिपालन में जनगणना 2027 की प्रारंभिक तैयारियां शुरू हो गई है। जनगणना 2027 को दो चरणों में सम्पन्न किया जायेगा। जिसमें प्रथम चरण अप्रैल 2026 से सितम्बर 2026 तक एवं द्वितीय चरण का कार्य फरवरी 2027 में किया जायेगा। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने बताया कि जनगणना 2027 की तैयारी हेतु जिला समन्वय समिति की एवं चार्ज अधिकारी की बैठक 9 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मैहर में सायं 4 बजे आयोजित की जायेगी। कलेक्टर ने बैठक में समिति के सभी सदस्यों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं।

# आंगनवाडी केन्द्रों के लिए 13 स्थानीय अवकाश घोषित

नवभारत न्यूज

**सतना 8 फरवरी, मध्यप्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेशानुसार एवं संचालनालय एकीकृत बाल विकास सेवा म.प्र. भोपाल के अनुक्रम में सतना जिले के आंगनवाडी केन्द्रों के लिए वर्ष 2026 में रविवार के अतिरिक्त 13 स्थानीय अवकाश घोषित किये गये हैं।**

वर्ष में 52 दिवस रविवार एवं 13 अवकाश सहित कुल 65 अवकाश ही आंगनवाडी केन्द्रों के लिए प्रभावशील होंगे। इसके अतिरिक्त अन्य कोई भी अवकाश प्रभावशील नहीं होगा तथा वर्ष में 300 दिवस आंगनवाडी केन्द्र का संचालन सुनिश्चित किया जायेगा।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा वर्ष 2026 में जिले की आंगनवाडी केंद्रों के लिए 13 स्थानीय अवकाश घोषित किये जाने का आदेश जारी किया है। इनमें 3 मार्च मंगलवार को होली, 4 मार्च बुधवार को होली का दूसरा दिन, 27 मार्च शुक्रवार को रामनवमी, 28 मई गुरूवार को ईदुज्जहा, 26 जून शुक्रवार को मोहर्रम, 28 अगस्त शुक्रवार को रक्षाबंधन, 4 सितम्बर शुक्रवार को जन्माष्टमी, 15 सितम्बर मंगलवार को हरितालिका तीज के दूसरे दिन, 19 अक्टूबर सोमवार को दुर्गाष्टमी, 20 अक्टूबर मंगलवार को दशहरा, 29 अक्टूबर गुरूवार को करवाचौथ, 11 नवम्बर बुधवार को भाईदूज तथा 25 अक्टूबर गुरूवार को क्रिसमस का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# शिक्षकों ने पेंशन रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**सतना 8 फरवरी, आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष केशव प्रताप सिंह व प्रान्तीय प्रवक्ता विनय कनौजिया ने बताया की सतना जिले में धवारी चौराहा के पास सबसे पहले अध्यापक शिक्षक एकत्रित हुए और फिर रैली के रूप में कलेक्ट्रेट तक गए वहाँ पर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि सिटी मजिस्ट्रेट राहुल सिलाड़िया को 21 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया।**




आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के कार्यक्रम में अपना समर्थन देने राज्य अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र त्रिपाठी भी शामिल हुए। संगठन द्वारा उठाई जा रही मांगों में अध्यापक शिक्षक संवर्ग को भी क्रमोन्नति और समयमान वेतनमान की भांति प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करते हुये पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अवकाशों का नगदीकरण का लाभ सुनिश्चित किया जाय। ई-अटेंडेन्स स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के समस्त कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारियों पर लागू की जाय अन्यथा शिक्षकों को भी ई-अटेंडेन्स से मुक्त रखा जाय। मध्यप्रदेश के समस्त एन.पी.एस. धारक कर्मचारियों को पुरानी पेशन लागू की जाय। विगत वर्षों में दिवंगत अध्यापक शिक्षक संवर्ग के आश्रित परिवार के सदस्य को अविलंब अनुकम्पा नियुक्ति का लाभ दिया जाय। उक्त मांगों का यदि निराकरण नही किया जाता उस स्थिति में अप्रैल माह में भोपाल में विस्तृत धरना प्रदर्शन होगा। कार्यक्रम में मुख्यरूप से सामिल होने वाले जिलाध्यक्ष केशव प्रताप सिंह, प्रान्तीय प्रवक्ता विनय कनौजिया, महिला जिलाध्यक्ष श्रद्धा सिंह, जिलासंयोजक महेश तिवारी, राज कुमार कुशवाहा, अनुज विश्वकर्मा, सुरेंद्र कुमार द्विवेदी, राजीव लोचन अग्निहोत्री, राजा सिंह बागरी, लालमन कुशवाहा, सोभलाल, रामानन्द साकेत, देवेंद्र कुमार मिश्रा, चन्द्र पाल पटेल, मालती कुशवाहा, जुबेदा, सरला सिंह, पूजा आर्य, मधुलता सिंह, शशिबाला सिंह, आदि सैकड़ो अध्यापक शिक्षक सामिल हुए।

# कलेक्टर ने ली ई-विकास उर्वरक वितरण प्रणाली के संबंध में बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना 8 फरवरी, ई-विकास उर्वरक वितरण प्रणाली के संबंध में कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई।**



बैठक में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद सिंह, किसान यूनियन अराजनैतिक सतना के अध्यक्ष इन्द्रजीत पाठक, जिला महामंत्री उपेन्द्र तिवारी, किसान मोर्चा सुनील गौतम, दिलीप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक किसान संगठन, उपायुक्त सहकारिता प्रभाकरण प्रकाश, जिला विपणन अधिकारी सतना नेहा पियुष तिवारी, सहायक संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास राम सिंह बागरी, अधीक्षक भू-अभिलेख सतना एमएल पाण्डेय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के प्रतीक सिंघल संबंधित विभागों के अधिकारी, उर्वरक कम्पनियों के प्रतिनिधि तथा थोक उर्वरक विक्रेता उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने उपस्थित किसान संगठनों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों से ई-विकास उर्वरक वितरण प्रणाली से संबंधित समस्याओं एवं सुझाव पर चर्चा की। किसान संगठनों द्वारा बताया गया कि यह प्रणाली अच्छी है किन्तु कुछ किसानों के पास फार्मर आई.डी. न होने, मोबाइल न होने एवं सही जानकारी न होने के कारण टोकन बुक करके खाद लेने में समस्याएं उत्पन्न हो रही है। कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों को ई-विकास उर्वरक वितरण प्रणाली का व्यापक प्रचार-प्रसार किसानों के बीच में किये जाने तथा समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिये है।




# रत्नाकर की अनूठी पहल खिलाड़ियों में भारी उत्साह

नवभारत न्यूज

**सतना 8 फरवरी, स्वामी पूर्णानंद जी की पावन स्मृति में आयोजित 25 दिवसीय 'ओपन नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट' के तीसरे दिन इस प्रतियोगिता के हालिया मुकाबले में बाहर की 4 टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, जिसमें इलाहाबाद टीम को रायसेन से खिलाया गया.**

इसी तरह सीधी टीम को ग्वालियर से खिलाया गया जिसमें इलाहाबाद की टीम ने जीत हासिल की वही ग्वालियर की टीम विजय हुई इसके बाद पुन: ग्वालियर और इलाहाबाद टीम को खिलाया जिसमें इलाहाबाद की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। विजेता टीम के खिला?ियों को उनकी उत्कृष्ट पारी के लिए कार्यक्रम के आयोजक रत्नाकर चतुर्वेदी शिवा द्वारा %मैन ऑफ द मैच% के खिताब से नवाजा गया। और चौथा मैच नवस्ता 11 और बॉडी फिटनेस के बीच खेला गया जहां नवस्ता 11 में जीत हासिल की और उस टीम को मैन ऑफ द मैच दिया गया

आज के कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में चित्रकूट विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष शर्मा डोली, वरिष्ठ नेता सौरभ नायक, रमाशंकर मिश्रा, संजू गर्ग, टिंकू तिवारी, ज्ञानंम चतुर्वेदी, जित्तू चतुर्वेदी जतिन जैन, मनीष शर्मा, दुर्गेश उपाध्याय संजय मिश्रा,रहे।

कार्यक्रम में खिलाड़ियों का हौसला बुलंद करने के लिए मैच में कमेंट्री देने वाले करन सिंह तपा भी रहे।




# हिंदू पर्व समन्वय समिति का अभिनव आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना 8 फरवरी, हिंदू पर्व समन्वय समिति द्वारा आयोजित 22 वें श्री रामनवमी महोत्सव* का शुभारंभ बाबा मेहर शाह दरबार प्रांगण में हिंदू पर्व समन्वय समिति के वरिष्ठ सदस्य रामअवतार चमड़िया एवं लखनलाल केशरवानी के सपत्नीक श्री अयोध्या धाम रामलला मंदिर से पूजित ध्वज पूजन के साथ हो गया एवं श्री हनुमान जी को प्रथम आमंत्रण समर्पित किया गया ।**

तत्पश्चात अक्षत पूजन एवं नगर के प्रत्येक परिवार तक आमंत्रण पहुंचाने हेतु शक्ति केंद्रों को ध्वज-कलश वितरण कर किया गया। श्री रामनवमी महोत्सव के भव्य एवं दिव्य स्वरुप प्रदान करने नगर के समस्त जाति- बिरादरी, सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं सेवाभावी संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों की रामसभा का शुभारंभ बाबा मेहर शाह दरबार में संत पुरुषोत्तम दास जी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बैठक में समन्वय समिति अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी, संयोजक कमलजीत सिंह सेठी, जितेंद्र जैन एवं मातृशक्ति प्रतिनिधि श्रीमती इंदु चमड़िया एवं किरण केसरवानी मंचासीन रहे। संत पुरुषोत्तम दास जी द्वारा मुख्य ध्वज का आरोहण किया गया एवं विपिन सिंह द्वारा विजय मंत्र के वाचन पश्चात महाराज जी ने आयोजन की सफलता हेतु आशीष प्रदान किया। समिति के वरिष्ठ सदस्य इंजी. उत्तम बनर्जी ने मुख्य विषय एवं हिंदू पर्व समन्वय समिति द्वारा आयोजित श्री रामनवमी महोत्सव की प्रस्तावना एवं धर्म ध्वजा के महत्व की जानकारी सभी के समक्ष रखी। समस्त सामाजिक संगठनों की सहभागिता हेतु इंजी.रमेश जैन ने आह्वान किया। इसके पूर्व दीपक सचदेवा ने रामधुन से सभागार को राममयी कर दिया।

# पानी का संरक्षण और संबर्धन करें : प्रतिमा

नवभारत न्यूज

**सतना 8 फरवरी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा शुक्रवार को जनपद पंचायत सोहावल के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोहावल में जल अर्पण दिवस के विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच अजय चतुर्वेदी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यपालन यंत्री श्वेतांक चौरसिया, पीआरओ राजेश सिंह उपस्थित रहे। जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार से जारी दिशा निर्देशानुसार प्रदेश के प्रत्येक जिले की दो हर घर जल प्रमाणित ग्राम पंचायत में जल अर्पण दिवस कार्यक्रम को आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। शुक्रवार को ग्राम पंचायत सोहावल में विविध गतिविधियां आयोजित की गई। जिसके अंतर्गत जल रैली, जल बंधन, जल वंदना, जल संकल्प, जल श्रृंगार उपस्थित ग्रामीणों की सहभागिता के साथ किए गए। कार्यक्रम के दौरान हर घर जल की घोषणा की गई.

# एकेएस में संगीत, मौन और आत्मचिंतन के बीच हुआ आत्मसात

नवभारत न्यूज

**सतना 8 फरवरी, शोर, स्क्रीन और तेज़ रफ्तार जीवन के बीच, जब युवाओं के पास ठहरकर सांस लेने का समय भी दुर्लभ हो चला है, तब ए.के.एस. यूनिवर्सिटी के केंद्रीय सभागार में आयोजित 'लाइव डिस्कवर योरसेल्फ' भक्ति जेमिंग कॉन्सर्ट किसी विराम-चिह्न की तरह उभरा—एक ऐसा क्षण, जहां संगीत केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि आत्मचिंतन का माध्यम बन गया।**



सुप्रसिद्ध भक्ति गायक जतिन जग्याशी की प्रस्तुति में भजन किसी मंचीय कार्यक्रम से अधिक एक संवाद की तरह थे—मन और आत्मा के बीच। "हनुमान चालीसा (फास्ट)" की लय में अनुशासन था, "राम आएंगे" में आशा, और "राधा गोरी-गोरी" में कोमल भावनाओं की सहज अभिव्यक्ति। सभागार में बैठे युवा केवल श्रोता नहीं थे; वे सहभागी थे—कभी आंखें बंद कर, कभी होंठों पर अनायास मुस्कान के साथ। कार्यक्रम डिस्कवर योरसेल्फ की संस्थापक भक्ति सुखेजा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। उनका विजन स्पष्ट है—आधुनिक युवाओं को उपदेश से नहीं, अनुभव से भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ना। "डिस्कवर योरसेल्फ का उद्देश्य धर्म का पाठ पढ़ाना नहीं, बल्कि युवाओं को अपने भीतर झांकने का अवसर देना है," उन्होंने कहा। यही कारण है कि यहां भजन जेमिंग, एंकरिंग और सिंगिंग जैसे स्वरूप अपनाए जाते हैं—जहां आध्यात्मिकता बोझ नहीं, बल्कि सहज अनुभूति बन जाती है। कॉन्सर्ट में उपस्थित युवाओं के लिए यह शाम आत्मिक संतुलन का अनुभव थी।

## एक नजर में



### धारकुंडी महाराज जी के दिव्य दर्शन करने पहुंचे सांसद

**सतना,** परम पूज्य संत शिरोमणि स्वामी सच्चिदानंद सदगुरु धारकुंडी महाराज जी के ब्रह्मलीन होने की खबर से पूरे विंध्य क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त हो गया है। उनके दिव्य महाप्रयाण से न केवल संत समाज बल्कि आम जनमानस ने भी एक ऐसे आध्यात्मिक मार्गदर्शक को खो दिया है, जिनका जीवन तप, त्याग और लोककल्याण के लिए समर्पित रहा। धारकुंडी महाराज जी के अंतिम दिव्य दर्शन करने पहुंचे सांसद सांसद गणेश सिंह ने धारकुंडी महाराज जी के ब्रह्मलीन होने पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें।




### पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**सतना,** वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक, श्रद्धेय नारायण प्रसाद गुप्ता (नाना जी) की पुण्यतिथि के अवसर पर जिला अस्पताल, सतना (मध्य प्रदेश) में आयोजित रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह शिविर वैश्य महासम्मेलन युवा इकाई, सतना के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सतना इकाई जिला प्रभारी लखन केशरवानी, प्रदेश महामंत्री हरि ओम गुप्ता, प्रदेश मंत्री अशोक गुप्ता, जिला महामंत्री सागर गुप्ता, जिला महामंत्री सुरेश गुप्ता, जिला मंत्री गणेश गुप्ता, मंत्री अभिजीत गुप्ता, नगर अध्यक्ष टिंकू अग्रवाल की उपस्थिति रही।




### 229 प्रतिभाशाली बच्चों को मिली मदद

**सतना,** चित्रकूट विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार ने अपने विधानसभा क्षेत्र के 45 शासकीय उच्चतर माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रतिभाशाली बच्चों को मैडल और प्रशस्ति पत्र दिये। इसके साथ ही 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के 30 बच्चों को 15 हज़ार प्रत्येक तथा उच्च माध्यमिक के 9 बच्चों को दस हजार रूपये देकर सम्मानित किया। उच्चतर माध्यमिक व उच्च माध्यमिक के 80 से 90 प्रतिशत के बीच पाने वाले 110 बच्चों को दो हजार रूपये प्रति छात्र-छात्रा को दिया गया।